


RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

# अमिट रेखा

वर्ष 05 | अंक 77 | कुशीनगर | शुक्रवार 15 जनवरी, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये




# पीएम मोदी कोरोना टीकाकरण अभियान की कर सकते हैं शुरुआत





## वैक्सीन लगवाने वाले लोगों से बातचीत भी संभव

## हड़बड़ी से ज्यादा लोगों को न बुलाएं राज्य

इससे पहले, मंत्रालय ने बुधवार को बताया था कि राज्यों को सलाह दी गई है कि वे 10 फीसदी आरक्षितध्बर्बाद खुराकों और रोजाना प्रत्येक सत्र में औसतन 100 टीकाकरण को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण सत्रों का आयोजन करें। इसलिए राज्यों को सलाह दी जाती है कि प्रत्येक टीका केंद्र पर हड़बड़ी में तय सीमा से ज्यादा संख्या में लोगों को न बुलाएं। वहीं, मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को टीकाकरण सत्र स्थलों को बढ़ाने की सलाह दी है और उनके रोजाना संचालन की बात कही है ताकि टीकाकरण प्रक्रिया स्थिर हो सके और आगे सुचारू रूप से बढ़ सके।

नई दिल्ली,(एजेंसी)। पिछले एक साल से कोरोना महामारी के खिलाफ जंग लड़ रहे देश को जल्द बड़ी राहत मिलने वाली है। भारत में 16 जनवरी से कोरोना टीकाकरण अभियान शुरू होने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टीकाकरण अभियान की शुरुआत कर सकते हैं। सूत्रों ने यह भी बताया कि टीका लगवाने वाले कुछ लोगों से पीएम मोदी की बातचीत होने की भी संभावना है। देश में टीकाकरण अभियान के पहले दिन 16 जनवरी को करीब तीन लाख स्वास्थ्य कर्मियों को 2,934 केंद्रों पर टीके लगाए जाएंगे। प्रत्येक टीकाकरण सत्र में अधिकतम 100 लोग होंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि वे हर सेंटर पर ज्यादा संख्या में टीकाकरण न करें। इससे पहले, पीएम मोदी ने सोमवार को टीकाकरण अभियान को लेकर विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत की थी। वर्चुअल तरीके से आयोजित की गई बैठक में पीएम मोदी ने कहा था कि देश में तैयार कोरोना के दोनों टीके दुनिया के अन्य टीकों के मुकाबले किफायती हैं और उन्हें देश की स्थितियों व परिस्थितियों के अनुरूप बनाया गया है। टीकों को लेकर उठ रहे सवालों के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने भरोसा दिया कि देशवासियों को प्रभावी वैक्सीन देने के लिए वैज्ञानिक समुदाय ने सभी सावधानियां बरती हैं। देश में दो टीकों को इमरजेंसी इस्तेमाल के लिए मंजूरी मिली है। इन दोनों के नाम सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ै) की कोविशील्ड और हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक की कोवैक्सीन हैं। 3 जनवरी को दवा नियामक ने अपनी सुरक्षा और इम्युनोजेनेसिटी डेटा के आधार पर दोनों टीकों को मंजूरी देने की घोषणा की थी। सरकार ने कहा है कि दोनों टीकों का हजारों लोगों पर परीक्षण किया गया है और वे सबसे सुरक्षित हैं। हालांकि, टीकाकरण के समय लोगों के पास वैक्सीन के चयन के विकल्प नहीं होंगे कि वे किस कंपनी के टीके लगवाना चाहते हैं। स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने हाल ही में कहा था कि दुनिया भर के कई देश एक से अधिक वैक्सीन का उपयोग कर रहे हैं। इन देशों में किसी भी लाभार्थी के पास ऐसा कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। यह दिखाता है कि भारत में भी ऐसा हो सकता है। देश में कोरोना टीकाकरण स्वैच्छिक है। हड़बड़ी से ज्यादा लोगों को न बुलाएं राज्य इससे पहले, मंत्रालय ने बुधवार को बताया था कि राज्यों को सलाह दी गई है कि वे 10 फीसदी आरक्षितध्बर्बाद खुराकों और रोजाना प्रत्येक सत्र में औसतन 100 टीकाकरण को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण सत्रों का आयोजन करें। इसलिए राज्यों को सलाह दी जाती है कि प्रत्येक टीका केंद्र पर हड़बड़ी में तय सीमा से ज्यादा संख्या में लोगों को न बुलाएं। वहीं, मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को टीकाकरण सत्र स्थलों को बढ़ाने की सलाह दी है और उनके रोजाना संचालन की बात कही है ताकि टीकाकरण प्रक्रिया स्थिर हो सके और आगे सुचारू रूप से बढ़ सके।



हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के उपमंडल करसोग के तहत पड़ने वाले धार्मिक तीर्थ एवं पर्यटक स्थल तत्तापानी में इस बार कोरोना के चलते प्रशासन की ओर से लोहड़ी व मकर संक्रांति मेले की अनुमति नहीं दी है लेकिन मकर संक्रांति पर यहां स्नान करने को लेकर लोगों की धार्मिक आस्था में कोई कमी नहीं देखी गई।

### राहुल गांधी ने लगाया केंद्र पर आरोप, कहा–

# किसानों को खत्म करने की साजिश कर रही सरकार

मदुरै, एजेन्सी। कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी आज पोंगल के मौके पर तमिलनाडु के दौरे पर गए। इस दौरान राहुल मदुरै पहुंचे और अवनीपुरम में जल्लीकट्टू कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने किसान आंदोलन को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार सिर्फ किसानों की उपेक्षा नहीं कर रही है, बल्कि ये उन्हें नष्ट करने की साजिश है। राहुल गांधी ने आगे सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे अपने 2–3 दोस्तों को फायदा पहुंचाना चाहते हैं। वे अपने 2–3 दोस्तों को किसानों का जो भी उसे देना चाहते हैं। यही हो रहा है। राहुल ने आगे कहा कि उपेक्षा बहुत कमजोर शब्द है यह बताने के लिए कि ये सब क्या चल रहा है। राहुल गांधी ने आगे भी सरकार पर जमकर हमला बोला और किसानों के समर्थन में बयान दिया। राहुल ने कहा कि इस देश के किसान इस देश की रीढ़ हैं। अगर किसी को लगता है कि आप किसानों को दबा सकते हैं और यह देश समृद्ध होता रहेगा, तो उन्हें हमारे इतिहास को देखना होगा।



# हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष का बड़ा दावा, कहा- हमारे संपर्क में कई सत्तारूढ़ विधायक

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। देश में किसान आंदोलन जारी है। इधर हरियाणा में भी सियासी हलचल तेज है। बीते दिनों जननायक जनता पार्टी के विधायक दलों की बैठक हुई। उसके बाद उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गृह मंत्री अमित शाह ने मुलाकात की। उसके बाद चौटाला ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात की। लेकिन अब सूबे की सियासत में विपक्षी दल कांग्रेस ने एक बयान के जरिये ठंड के मौसम में सियासी पारे को बढ़ा दिया है। ये बयान आया है हरियाणा की कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा की तरफ से। उन्होंने ने एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी के कई विधायक हमारे संपर्क में हैं। कुमारी शैलजा ने कहा कि खट्टर सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है। अगर हालात बने और जरूरत महसूस हुई तो कांग्रेस राज्य में सरकार बना सकती है। इसके साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि नए कृषि कानूनों को लेकर सत्तारूढ़ विधायकों में नाराजगी भी है। गौरतलब है कि राज्य में बीजेपी और जजपा गठबंधन की सरकार है।



### गोरखपुर बनेगा आकर्षण का केंद्र! योगी आदित्यनाथ ने कहा...

# रामगढ़ ताल में उतारेंगे सी–प्लेन



गोरखपुर (उप्र),(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर में बन रही महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत रामगढ़ ताल में सी प्लेन भी उतरेंगे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को दो दिवसीय गोरखपुर महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए गोरखपुर के रामगढ़ ताल में सी प्लेन उतारने संबंधी ऐलान किया और कहा कि जल्द ही इस संबंध में प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सी–प्लेन हवाई अड्डे के साथ–साथ पानी में भी उतर सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर से आज देश के सभी प्रमुख शहरों के लिए नौ उड़ानें हैं। कुशीनगर से जल्द ही अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू हो जाएगी और आने वाले दिनों में यदि किसी को आवश्यकता पड़ेगी तो वह सर्किट हाउस के पास से सी–प्लेन पकड़ कर देश के किसी भी कोने में पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि कोरोना से लड़ने और बचने के लिए जिस संयम, मर्यादा और अनुशासन का पालन किया गया उसी तरह का धैर्य रखते हुए कोरोना के टीके के लिए अपनी बारी का इंतजार करें। उन्होंने कहा, ''मकर संक्रांति के बाद 16 जनवरी से कोरोना पर अंतिम प्रहार के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में कोरोना टीकाकरण का महाभियान शुरू हो रहा है। यह सभी के लिए होगा लेकिन टीके के लिए उतावलापन न दिखाएं, भीड़ न लगाएं बल्कि संयम के साथ अपनी बारी की प्रतीक्षा करें।'' समारोह के दौरान ही मुख्यमंत्री ने रामगढ़ ताल के तट पर प्रदेश के सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का वर्चुअल लोकार्पण किया। तिरंगे की ऊंचाई 246 फीट (75 मीटर) है और ऊंचाई के लिहाज से यह पूरे देश में 10वां सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज है। इसके साथ ही उन्होंने नया सवेरा के प्रवेश द्वार और पैडलेगंज के पास स्थित बुद्ध द्वार का वर्चुअल लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने समारोह की स्मारिका का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन को निर्णायक दिशा देने वाली आगामी चार फरवरी की चौरीचौरा की घटना के शताब्दी वर्ष पर पूरे साल कार्यक्रम होंगे ताकि आजादी दिलाने वाले महापुरुषों के प्रति श्रद्धा निवेदित हो सके। साथ ही इन महापुरुषों के स्मरण को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाएगा।

# किसानों के हितों से समझौता नहीं करूंगा: भूपिंदर सिंह

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कृषि कानून के खिलाफ चल रहे किसान आंदोलनों की समस्या को सुनने उच्चतम न्यायालय ने चार सदस्यीय समिति का गठन किया था। इस समिति में भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह मान को भी शामिल थे। हालांकि, उन्होंने अब समिति छोड़ने का ऐलान कर दिया है। बता दें कि बीकेयू अध्यक्ष मान का कहना है कि खुद को समिति से अलग कर रहा हूं और मैं किसानों के हितों से समझौत नहीं कर सकता हूं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भूपिंदर सिंह मान ने बताया कि मैं किसान भाईयों के साथ खड़ा रहूंगा। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने चार सदस्यीय समिति में भूपिंदर सिंह मान को जगह दी थी जिसका किसान यूनियनों ने विरोध किया था। किसान यूनियनों का कहना था कि भारतीय किसान संघ ने पहले ही कृषि कानूनों के समर्थन में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को अपना पत्र सौंप दिया था। कौन हैं भूपिंदर सिंह मान ? भूपिंदर सिंह मान भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष हैं। 15 सितंबर 1939 को गुजरांवाला (अब के पाकिस्तान) में जन्में भूपिंदर सिंह मान को साल 1990 में राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया था।



# पुराने साथियों ने ही 'ममता दीदी' को दिखाया ठेंगा, कांग्रेस में विलय का दिया ऑफर

कोलकाता,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव से पहले ही ममता बनर्जी को बड़ा झटका लगा है। इस बार का चुनाव ममता दीदी के लिए झटकों से कम भी नहीं है क्योंकि बंगाल में मुख्य विपक्षी के तौर पर भाजपा ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उन्हें घेरने की कोई कसर नहीं छोड़ी है। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा की शविभाजनकारी नीतियोंश के खिलाफ लड़ने के लिए कांग्रेस और वामदलों का समर्थन मांगा था लेकिन कांग्रेस ने तो तृणमूल के ऑफर को ठुकरा दिया और उनके समक्ष एक पेशकश कर दी। पिछले विधानसभा चुनाव (2016) में कांग्रेस और वामदलों ने जहां विपक्षी पार्टी के तौर पर ममता के खिलाफ चुनाव लड़ा था।



# पार्टी कार्यकर्ता 'जनकल्याणकारी दिवस' के रूप में मनाएं मेरा जन्मदिन: मायावती

लखनऊ,(एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा)सुप्रीमो ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे उनके जन्मदिन को 'जनकल्याणकारी दिवस' के रूप में मनाएं। मायावती का जन्मदिन 15 जनवरी को होता है। मायावती ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया,''यह विदित है कि कल यानी 15 जनवरी, 2021 को मेरा 65वां जन्मदिन है, जिसे पार्टी के लोग कोरोना वायरस महामारी के चलते पूरी सादगी से और कोविड–19 संबंधी नियमों का पालन करते हुए मनाएं। यदि इसे पीड़ितों, गरीबों, असहायों आदि की अपने सामर्थ्य के अनुसार मदद करके 'जनकल्याणकारी दिवस' के रूप में मनाया जाए, तो बेहतर होगा।'' उन्होंने ट्वीट किया, ''मेरे जन्मदिन पर मेरी लिखी पुस्तक 'मेरे संघर्षमय जीवन एवं बी.एस.पी. मूवमेन्ट का सफरनामा, भाग–16' और इसका अंग्रेजी संस्करण 'ए ट्रैवलॉग ऑफ माइ स्ट्रगल रिडन लाइफ एंड बीएसपी मूवमेंट, वॉल्यूम 16' जारी होगा।

# दिल्ली में भीषण ठंड और शीतलहर जारी, सुबह छाया रहा कोहरा

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली, न्यूनतम तापमान गिरकर दो डिग्री सेल्सियस हो जाने के कारण ''भीषण'' शीत लहर की चपेट में आ गई है तथा राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार सुबह ''घना'' कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह ''घने'' से ''मध्यम'' कोहरे के कारण पालम में दृश्यता स्तर 100 मीटर और सफदरजंग में 201 रहा। आईएमडी के अनुसार, यदि दृश्यता स्तर शून्य से 50 मीटर हो, तो कोहरा ''अत्यंत घने'' की श्रेणी में आता है, दृश्यता स्तर 51 से 200 मीटर होने पर यह''घने'' की श्रेणी में आता है, दृश्यता स्तर 201 से 500 मीटर हो।



## आयोजित की गई त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की समीक्षा बैठक

अमित रेखा ब्यूरो हरदोई। विकास खंड की ग्राम सभा सदरपुर में त्रिस्तरीय पंचायत



चुनाव की तृतीय वार्ड की तैयारी समीक्षा बैठक आयोजित की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री सतेन्द्र राजपूत,एवं पंचायत चुनाव जिला संयोजक रामबहादुर सिंह का मंडल उपाध्यक्ष दीपू सिंह अर्कवंशी,की अगुवाई में मंडल महामंत्री रामनरेश आर्य, आशीष अर्कवंशी,प्रभाष कुशवाहा,सुरेश अर्कवंशी, सुरेंद्र अर्कवंशी, आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं ने रुदामऊ के सामने पर माल्यापर्ण करके गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पंचायत चुनाव जिला संयोजक रामबहादुर सिंह ने अपने सम्बोधान में कहा कि कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ेंगे।इसके लिए रणनीति के मुताबिक तैयारी को आगे बढ़ाएंगे। ग्राम प्रधानी का चुनाव पार्टी नहीं लड़ाएगी लेकिन क्षेत्र पंचायत सदस्यों के उम्मीदवारों को पार्टी सिंबल पर उतारा जाएगा।ऐसे में ग्राम संयोजक बूथ समितियों को पंचायत चुनाव की तरह अपडेट कर लें।महामंत्री ने अपने सम्बोधान में कहा कि पार्टी ग्राम प्रधानी का चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं प्रत्याशियों का समर्थन कर दमदारी से चुनाव जीतना है। जिला पंचायत चुनाव सिंबल पर लड़ेगी ।इस मौके पर नमामि गंगे के क्षेत्रीय संयोजक अशोक सिंह,विधायक प्रतिनिधि नीरज विद्याथ्री,विनोद कुशवाहा, धर्मेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह,राघोपुर मंडल अध्यक्ष रत्नेश सिंह, मंडल महामंत्री रामनरेश आर्य, शैलेंद्र पटेल, मण्डल उपाध्यक्ष दीपू सिंह अर्कवंशी,आनन्द कुमार,अमरकांत तिवारी,आदि लोगों ने आये हुए अतिथियों का आभार वक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया इस मौके पर सैकड़ों पार्टी के कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि रहें:टार्जन यादव



अमित रेखा दिनेश गुप्ता भटनी देवरिया। जिला पंचायत भटनी दक्षिणी वार्ड नंबर 51 क्षेत्र के खास भटनी में क्रिकेट प्रतियोगिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्टिंग क्लब द्वारा प्रतियोगिता कराई गई मझौली राज बनाम बरसिपार के बीच खेला गया जिसमें मझौली राज को हराकर बरसिपार ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि हिंदू युवा वाहिनी तहसील संगठन महामंत्री व जिला पंचायत भटनी दक्षिणी वार्ड नंबर 51 के प्रत्याशी टार्जन यादव ने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसील संगठन महामंत्री टार्जन यादव ने कमेटी व खिलाड़ियों व दर्शकों का अभिनंदन करते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की व अपनी हिंदू युवा वाहिनी संगठन से जुड़ने की बात कही यह भी बताया कि आपको जब भी हमारी जरूरत पड़े हमें याद करने को कहा तहसील संगठन महामंत्री टार्जन यादव ने कहा कि भटनी दक्षिणी से हम जिला पंचायत का चुनाव लड़ रहे हैं आप लोग हमें मजबूती से हमारा सपोर्ट कीजिए जिससे हम चुनाव जीत सके वह आप सभी को हम कुछ मदद कर सके हम आपके कदम से कदम मिलाकर चलकर समाज हित में मजबूती से कार्य कर सकें आप लोग जानते हैं कि आप लोगों का सेवा हिन्दू युवा वाहिनी से 13 साल से कर रहे हैं तहसील संगठन महामंत्री टार्जन यादव ने बताया की हम चुनाव नहीं लड़ते लेकिन कुछ लोग की यही मांग चल रही है हमारा चुनाव कि खर्चे हमारे ग्राम सभा भरहे चौरा कि लोग संभाल रहे हैं आप लोग भी हमारा साथ दीजिए व आशीर्वाद दीजिए मुख्य अतिथि के साथ चलकर आए दुर्गेश साहनी बृजेश पटेल सचिन पटेल राकेश गुप्ता आदर्श तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

## कोतवाली मुंशीगंज को मिली बड़ी कामयाबी एक देशी से अवैध तमंचा 315 बोर, दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



अमिटरेखा समर बहादुर सिंह ब्यूरो अमेठी। जिले के कोतवाली मुंशीगंज प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश सिंह की अगुवाई में पूरी टीम के साथ दबिश देकर एक अभियुक्त किया गया, बीते दिनों हरिहरपुर गाँव में दो पक्षों में मामूली विवाद में असलहा लहराने वाला मुख्य अभियुक्त सत्यम सिंह पुत्र अमरपाल सिंह निवासी ग्राम पिंडारा महराज थाना मुसाफिरखाना एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

और मुकदमा अधिनियम संख्या 11/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई, गिरफ्तार करने वाली टीम में, प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक शिवबालक यादव, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार, हेड कॉन्स्टेबल अनिरुद्ध सिंह, कांस्टेबल दिलीप कुमार रहे।

## मकर सक्रांति पर सरयू नदी में स्नान, दान करते श्रद्धालु

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

भटनी देवरिया। आज पूरे देश में खुशियों के साथ मकर सक्रांति मनाया जा रहा है उसी अवसर पर आज योगीराज महर्षि श्री देवरहवा बाबा आश्रम मईल से 5 किलोमीटर दक्षिण दिशा में सरयू नदी के किनारे स्थित भागलपुर के बाबा कालीचरण घाट पर मकर सक्रांति के अवसर पर क्षेत्र भर से आए श्रद्धालुओं ने इस 2 दिन से पड़ रही कड़ाके की ठंड में भी इस मकर संक्रांति



पर श्रद्धा पूर्वक सरयू नदी में स्नान किया और स्नान के बाद श्रद्धा सुमन दान पुण्य कर अपने को धन्य किया इस मकर संक्रांति के अवसर पर भागलपुर के बाबा कालीचरण घाट पर काफी श्रद्धालुओं ने स्नान, दान किया और देर समय तक स्नान, दान के लिए श्रद्धालु लोगों का आना जाना जारी रहा।

## बरहज में कौओं के मृत्यु की सुचना मिलने पर पशुपालन व वन विभाग की टीम ने निरीक्षण किया

अमिट रेखा भटनी

बरहज में सोमवार को एक बगीचे में एक के बाद एक कुल तीन कौओं, एक महोख व एक चमगादड़ की मौत हो गई। पांच पक्षियों की मौत से लोगों में बर्ड फ्लू की आशंका से दहशत है। जहां जानकारी पर पहुंचे पशुपालन व वन विभाग की टीम ने निरीक्षण किया। पशुपालन विभाग की टीम ने मृत पक्षियों को दफनाते हुए मामले से उच्चधिकारियों को अवगत कराया। बरहज नगर के पैना टैक्सी स्टैंड से उत्तर शंकर दास कुटी से सटे एक बगीचे में सोमवार शाम तीन कौए व एक महोख मृत मिले।जहां पतंग उड़ाने गए वार्ड के भव्यांश गुप्ता ने मृत पक्षियों को देख शोर मचाया। बाद में घर पहुंचे भव्यांश ने इसकी जानकारी पिता राजेश गुप्ता को दी। वहीं, बगीचे से सटे डॉ प्रमोद शाही के छत पर एक चमगादड़ मृत मिला। घटना की जानकारी होते ही लोगों में बर्ड फ्लू की आशंका से दहशत फैल गया। मंगलवार सुबह बगीचे में पहुंचे वन विभाग के एक कर्मचारी ने मृत पक्षियों को देख मामले से रेंजर राणा प्रताप सिंह को अवगत कराया। कुछ देर बाद बगीचे में टीम के साथ पहुंचे उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बरहज डॉ अनिल कुमार कुशवाहा ने निरीक्षण किया। बाद में पशुपालन विभाग की टीम ने मृत पक्षियों को बगीचे में ही दफना दिया। बगीचे से सटे एक बैंगन के खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया है। कीटनाशक दवाओं के प्रभाव से ही पक्षियों की मौत हुई है। बगीचे में मृत मिले पक्षियों को दफना दिया गया है। मामले से मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को अवगत कराया गया है। डॉ अनिल कुमार कुशवाहा, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बरहज।

## कलेक्ट्रेट सभागार में विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक किए जिलाधिकारी



अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में विकास एंव निर्माण कार्यो की कार्यदायी संस्थाओं के साथ समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। पी0एच0सी0,आगंन वाडी केन्द्र,राजकीय विद्यालय व पुलिस आवास निमार्ण तथा चौक में निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में हो रही देरी तथा बैठक में सी0एण्ड डी0एस0,यू0पी0प्री0सी0एल0,पैकफेड, पर्यटन विकास क्षेत्र,उ0प्र0राजकीय निर्माण निगम, राष्ट्रीय निर्माण संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा उपायुक्त उद्योग द्वारा प्रतिभाग न करने पर स्पष्टीकरण तलब करते हुए शासकीय पत्र शासन को प्रेषित करने का निर्देश डी0एस0टी0ओ0अजय कुमार को दिया। उपस्थित जे0ई0 को निर्देश दिया कि मानक व गुणवत्ता में भी किसी प्रकार की कोई समझौता नही होगा। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में कहा कि कार्यदायी संस्थाऐं कार्यो में गुणवत्ता व समय से कार्यो को पूरा करायें। कार्यो की समीक्षा शासन स्तर पर भी की जायेगी। आने वाले समय पर सावधानी रखें, गडबडी मिली तो विभागीय कार्यवाही के साथ प्राथमिकी भी दर्ज होगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना,प्रधानमंत्री आवास,आयुष्मान भारत में लाभार्थियो को जोड़ने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये गये। पंचायती राज,ग्राम्य विकास,नगर विकास,उद्यान एंव खाद्य प्रसंस्करण,समाज कल्याण में सामूहिक विवाह अनुदान,पेंशन,छात्रबृत्ति,दुग्ध विकास,बेसिक शिक्षा एंव औद्योगिक खादी एंव ग्रामोद्योग विभाग की भी विस्तार से समीक्षा किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पवन अग्रवाल,पी0 डी0 राजकरन पाल, डी0डी0ओ0जगदीश त्रिपाठी,अपर एस0ड0एम0अविनाश कुमार,डी एस टी ओ अजय यादव सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर पूजा की

अमिट रेखा खजनी गोरखपुर। गोरखपुर में मकर संक्रांति के अवसर पर गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने भगवान गोरक्षनाथ को खिचड़ी का प्रसाद चढ़ाया और पूजा अर्चना की। इसके साथ ही आज सुबह से ही गोरखनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई है। बता दें कि मंदिर व मेले की सुरक्षा के लिए एक अस्थायी थाना व सात पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। सुरक्षा के लिहाज में मंदिर को चार जोन व 12 सेक्टर में बांटा गया है। भीम सरोवर के पास एसडीआरएफ समेत फ्लड पीएसी मौजूद है। पांच एएसपी, 12 सीओ, 31 निरीक्षक, 260 उपनिरीक्षक, 1020 सिपाही, 21 महिला उपनिरीक्षक, 275 महिला सिपाही को मेला व मंदिर परिसर की सुरक्षा में लगाया गया है।

## जिला पंचायत में प्रशासक बने जिलाधिकारी ने कार्यभार संभाला

अमिट रेखा समर बहादुर सिंह

ब्यूरो अमेठी। जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उपस्थिति रजिस्टर एवं कार्यालय का निरीक्षण किया। अधिकारियोंं कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने के निर्देश दिये साथ ही फील्ड वाले अधिकारियों को कार्यालय आकर हस्ताक्षर करने के उपरांत फील्ड में कार्य करने के निर्देश दिए, बिखरी पड़ी फाइलों को व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा कराए गए समस्त कार्यों की मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित करते हुए जांच कराने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## गोरखपुर पहुंची कोविड वैक्सीन की 28000 डोज

**- अभी कोरोना समुचित व्यवहार जारी रखना होगा-सीएमओ**

**- 16 जनवरी को प्रथम चरण में 20 केंद्रों पर होना है टीकाकरण**

**- पुलिस की निगरानी में 38 कोल्ड चेन प्वाइंट तक पहुंचायी जाएगी**

अमिट रेखा खजनी गोरखपुर। स्वास्थ्यकर्मियों के टीकाकरण के लिए कोविड वैक्सीन की 28000 डोज गोरखपुर पहुंच गयी है। यह सभी टीके मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के पास बने भंडारण गृह में पुलिस की सुरक्षा एवं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखे गये हैं। इन टीकों को पुलिस की निगरानी में जिले के अलग–अलग हिस्सों में बने 38 कोल्ड चेन प्वाइंट तक पहुंचाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधाकर पांडेय ने बताया कि 16 जनवरी को प्रथम चरण में स्वास्थ्यकर्मियों का 20 टीकाकरण केंद्रोंपर कोविड टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि जब तक कोविड के प्रति संपूर्ण टीकाकरण न हो जाए तब तक कोरोना समुचित व्यवहार जारी रखना होगा, क्योंकि टीकाकरण चरणबद्ध ढंग से ही होगा और अभी इसकी पहली डोज सिर्फ जिले भर के करीब 26000 स्वास्थ्यकर्मियों को लगने जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नीरज कुमार पांडेय को टीकाकरण के संबंध में समुचित प्रबंधन के लिए दिशा–निर्देशित किया जा चुका है। इस कार्य में विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनीसेफ,चाय और यूएनडीपी के प्रतिनिधि तकनीकी सहयोग देंगे। फिलहाल सिर्फ सरकारी और निजी क्षेत्र के कोविन पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके स्वास्थ्यकर्मियों को ही टीका लगेगा। गैर पंजीकृत लोगों को टीका नहीं लगाया जाएगा। शासन से प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुसार आने वाले समय में फ्रंटलाइन कर्मचारी, 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एचआईवी और कैंसर जैसी बीमारियों से ग्रस्त लोगों का पंजीकरण करने के बाद ही टीकाकरण की सुविधा मिल सकेगी। इसलिए फिलहाल कोविड–19 से बचाव के लिए सतर्कता ही एक बेहतर विकल्प है। डॉ. पांडेय ने बताया कि वैक्सीन की एक खुराक लेने के 28 दिन के भीतर ही दूसरी खुराक भी दी जानी है। कोरोना वैक्सीन की दूसरी खुराक प्राप्त करने के दो सप्ताह बाद आमतौर पर एंटीबॉडी का सुरक्षात्मक स्तर विकसित होता है। इसलिए जो स्वास्थ्यकर्मी टीके की पहले खुराक प्राप्त करेंगे उन्हें भी एंटीबॉडी विकसित होने तक सतर्कता का यह व्यवहार जारी रखना होगा। यद्यपि कोविड–19 के मामले लगातार कम हो रहे हैं बावजूद इसके संपूर्ण प्रतिरक्षण होने तक सभी को सतर्क रहना चाहिए।

अभी नहीं भूलना है यह मंत्र

– अनजान लोगों से दो गज की दूरी बना कर रहें

– घर के बाहर निकलें तो मास्क जरूर लगाएं

– खांसते–छींकते समय रूमाल या टीश्यू पेपर का इस्तेमाल करें

– हाथों को बार–बार साबुन पानी से धुलें या सैनेटाइज करें

– खुले में इधर–उधर न थूकें

– आंख, नांक और मुंह को खुले हाथों से न छुएं

– सर्दी, खांसी, जुकाम के साथ सांस फूलने की दिक्कत हो तो कोविड जांच अवश्य कराएं

– अगर घर में कोई बाहर से आया सदस्य हो और उसमें कोविड के लक्षण दिखें तो जांच जरूर कराएं

## राम जन्मभूमि शोभायात्रा में सम्मिलित हुए नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश जायसवाल

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। राम जन्मभूमि निधि समर्पण अभियान के अंर्तगत आज शोभायात्रा में सम्मिलित होकर भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त कर बरदहिया बाजार काली मंदिर पर मकरसंक्रांति



के शुभअवसर पर आए हुए लोगो को खिचड़ी(प्रसाद) खिलाते हुए।

नगर अध्यक्ष.राजेश जायसवाल साथ मे विभाग प्रचारक सुरजीत ,जिलासंग चालक अरुण मिश्रा वेद राय ,किसान प्रेमनारायन मिश्रा विवेक श्रीवास्तव प्रसांत ,विजय पति सिंह परमात्मा अग्रहरी नगर संग चालक अजय सिंह ,अनिल सिंह आकाश तिवारी,विक्रांत अग्रहरी सन्देश जायसवाल ,विक्की अग्रहरी अजित चौरसिया ,अजय सिंह आशीष जायसवाल कमलेश शर्मा उपस्थित सभी सम्मानित लोग।

## शामपुर की टीम को हरा के हिरन्दापुर की टीम ने किया फाइनल ट्राफी पर कब्जा

अमिट रेखा जितेंद्र कुमार सिंह

तहसील प्रभारी देवरिया। देवरिया– रामपुर कारखाना–रामपुर चन्द्रभान प्रखंड के सेखुआ बीर बाबा के मैदान में सेखुआ बीर बाबा क्रिकेट क्लब की ओर से दस दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।इसका फाइनल मुकाबला शामपुर बनाम हिरन्दापुर के बीच मंगलवार को खेला गया। शामपुर टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करते हुए हिरन्दापुर की टीम ने निर्धारित ओवरों में 148 रन बनाए जबकि जवाबी पारी में निर्धारित ओवरों में102 रन ही बना पाई। इस प्रकार हिरन्दापुर ने 46 रनों से जीत हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी राजू सिंह,अवधेश राय, जिला पंचायत प्रत्याशी अशोक सिंह,विजय प्रताप सिंह एवम जिला पंचायत प्रत्याशी मंटन यादव उपस्थित होकर फीता काटकर मैच का शुभारम्भ किये।राजू सिंह,विजय प्रताप सिंह के हाथों विजेता व उपविजेता टीम को मेडल और कप देकर पुरस्कृत किया गया। राजू सिंह ने कहा कि युवा खेल में भी बेहतर कैरियर बना सकते हैं।वे इसके लिए इस क्षेत्र में कड़ी मेहनत कर मुकाम हासिल करें। कहा कि हारने वाले खिलाड़ियों को निराश नहीं होना चाहिए बल्कि आगे और बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करनी चाहिए। कहा कि युवा नशे से दूर रहें और अपने करियर के प्रति ध्यान दें।खेल से एकजुटता बढ़ती है।मौके पर टूर्नामेंट के अध्यक्ष रोहित सिंह,पप्पू सिंह,पेप्सी,गोलू राइडर,धानजी,मंटू, मनीष, मनोज,अमित,प्रदुमन, काफी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।



## सम्पादकीय........

### चीनः खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे

लद्दाख में भारत के कड़े प्रतिघ्रोध के चलते चीन की हालत खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे जैसी हो गई है। कड़ाके की ठंड के चलते वहां तैनात उसके सैनिकों की हालत खराब हो रही है, जबकि भारतीय जवान सजग होकर तैनात हैं। चीन को कभी उम्मीद भी नहीं रही होगी उसे भारत के इस तरह के प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। मीडिया घरिपोर्ट बताती हैं कि चीन ने अपने दस हजार सैनिकों को वापिस बुला लिया है और वह रोजाना स्तर पर सैनिकों की अदला–बदली करता है, क्योंकि चीन के सैनिकों को इतनी ऊंचाई वाले इलाके में रहने का कोई अनुभव नहीं है। ड्रैगन को भारत से पंगा लेना भारी पड़ रहा है। चीन ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की राह में रोड़े अटकाने का प्रयास किया है। उसने अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल कर भारत को आतंकवाद और आतंकी संगठनों अलकायदा और उससे जुड़े गिरोहों को लेकर एक बनी कमेटी का अध्यक्ष बनने से रोक दिया है। अगर भारत इस कमेटी का अध्यक्ष बनता तो उसे कई तरह के फायदे होते। भारत किसी भी आतंकवादी संगठन और किसी भी व्यक्ति को आतंकवादी के तौर पर नामित कर सकता था। तब उन पर प्रतिबंधों की प्रक्रिया शुरू हो सकती थी। इससे पहले भी जब पाकिस्तानी मसूद अजहर को आतंकवादी घोषित किया जाना था तब चीन ने तीन पर सैक्शंस कमेटी में अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल कर उस पर रोक लगा दी थी। अंततः चीन पूरी तरह अलग–थलग पड़ गया और अमेरिका, भारत और अन्य देशों के कूटनीतिक दबाव में चीन को खामोश रहना पड़ा तथा मसूद अजहर को आतंकवादी घोषित कर डाला गया। चीन इस बात को भूल नहीं पाया उसने इस चोट का बदला लेने के लिए ही भारत को कमेटी का अध्यक्ष नहीं बनने दिया। अब इस कमेटी की अध्यक्षता नार्वे करेगा। अब किसी को आतंकवादी घोषित करने या नहीं करने का अधिकार नार्वे के पास रहेगा। अब भारत को नार्वे पर दबाव डालना होगा। चीन लाख कोघ्शिशें कर ले, एक न एक दिन तो इस मामले में भी उसे मुंह की खानी पड़ेगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि चीन जो कुछ कर रहा है वह पाकिस्तान के इशारे पर ही कर रहा है। चीन का अलकायदा से कोई संबंध नहीं लेकिन तालिबान से उसके रिश्ते हैं। पाकिस्तान के इशारे पर चीन ने अलकायदा को खुश करने की कोघशिश की है। चीन द्वारा वीटो प्रस्ताव के इस्तेमाल से अलकायदा जैसे गिरोहों को प्रोत्साहन ही मिलेगा। दूसरी तरफ चीन की छवि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी बनती जा रही है कि वह आतंकवाद का भरण–पोषण करने वाला देश है। दरअसल सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों के लिए क्रमिक अध्यक्षता का प्रावधान है। साथ ही परिषद के तहत काम करने वाली विभिन्न समितियों में अस्थाई सदस्यों को भी नेतृत्व करने का मौका दिया जाता है। भारत इस वर्ष 8वीं बार सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य बना है। सुरक्षा परिषद की ताकतवर मेज पर भारत की मौजूदगी चीन को खटक रही है। चीन ही एक मात्र ऐसा देश रहा जिसने तालिबान कमेटी में भारत की अध्यक्षता का विरोध किया। चीन के विरोध के कारण ही ऐसा पहली बार हो रहा है कि तालिबान प्रतिबंध कमेटी और अलकायदा प्रतिबंध कमेटी की अध्यक्षता अलग–अलग देश करेगा। 2011 में अलकायदा और तालिबान कमेटी को दो हिस्सों में बांटा गया। उस समय जो देश तालिबान कमेटी की अध्यक्षता करता रहा, वही अलकायदा कमेटी का भी चीफ होता है।

## आज का राशिफल

मेष :– निकट संबंधों में शंकाओं को हावी न होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सगे–संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

बृषभ :– आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

मिथुन :– संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

कर्क :– बीती बातों को भूलने की कोशि करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह में वृद्धि होगी। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

सिंह :– नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। वर्तमान में आपको सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक दिशा में प्रयास करना चाहिए।

कन्या :– किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

तुला :– महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

वृश्चिक :– परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। परिवार में किसी मेहमान का आगमन संभव।

धनु :– मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

मकर :– विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लावें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सनिध्य प्राप्त होगा।

कुंभ :– राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन–सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

मीन :– आवोश में किये गये कार्य से कष्ट संभव। भावनात्मक समस्याओं पर सगे–संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कायरें को कल पर न टालें।

# व्हाट्सएप और प्राइवेसी का उल्लंघन

**प्रियंका सौरभ**

*लेकिन यह वास्तविक समस्या नहीं है। प्रत्येक इंटरनेट कंपनी अपने उत्पाद को बेहतर बनाने के लिए उपभोक्ता डेटा का उपयोग करती है। व्हाट्सएप के मामले में यह उनका तरीका है। कंपनी की डिक्टेट के अनुसार, यदि उपयोगकर्ता 8 फरवरी, 2021 तक नई गोपनीयता नीति को स्वीकार करने में विफल रहते हैं, तो वे अपना व्हाट्सएप खाता खो देंगे। विशेषज्ञ इसे व्हाट्सएप और फेसबुक के बाजार में प्रभावी स्थिति के दुरुपयोग के रूप में देखते हैं। उनमें से कई ने अपडेट के बारे में अपनी चिंता दर्ज करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर ले गए। महिलाओं के लिए एक सामुदायिक मंच – एक गोपनीयता दुःस्वप्न है, "शेरोएस के संस्थापक और सीईओ सायर चहल ने लिखा है।*

नई नीति के तहत, व्हाट्सएप पर चौट को प्रबंधित करने के साथ–साथ व्यवसायों को स्टोर करने के लिए फेसबुक द्वारा होस्ट की गई सेवाओं का उपयोग करने का तरीका बदल जाएगा। चिंताएं इस तथ्य से निकलती हैं कि अब तक फेसबुक, आदि जैसी संस्थाओं ने इस रुख को बनाए रखा कि वे किसी के साथ उपयोगकर्ता डेटा साझा नहीं करते हैं।) सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग ऐप में से एक व्हाट्सएप ने अपनी गोपनीयता नीति को अपडेट कर दिया है और उपयोगकर्ताओं को नए नियम और शर्तों को स्वीकार करने के लिए 8 फरवरी तक का समय दिया है। नई नीति इस मुद्दे पर चर्चा में है कि उपयोगकर्ता डेटा को किसी अन्य सोशल मीडिया प्रमुख फेसबुक के साथ अपने एकीकरण को कैसे प्रभावित किया जाता है, जो कि व्हाट्सएप की मूल कंपनी भी है। इस मुद्दे पर स्पष्ट करते हुए, व्हाट्सएप ने कहा कि गोपनीयता नीति व्हाट्सएप के व्यक्तिगत चौट के व्यवहार को नहीं बदलती है। एक बयान में, व्हाट्सएप ने कहारू ष्अपडेट फेसबुक के साथ व्हाट्सएप के डेटा साझाकरण प्रथाओं को नहीं बदलता है और यह प्रभावित नहीं करता है कि लोग निजी तौर पर दोस्तों या परिवार के साथ कैसे संवाद करते हैं व्हाट्सएप लोगों की गोपनीयता की रक्षा के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है।ष लेकिन, गोपनीयता के दृष्टिकोण पर बहुत सी आशंकाएं हैं और यह हमारे डेटा को कैसे प्रभावित करता है ये सबसे बड़ा प्रश्न है ?8 फरवरी से लागू होने वाली नई गोपनीयता नीति, व्हाट्सएप और फेसबुक को व्यवसायों और तीसरे पक्ष के सेवा प्रदाताओं के साथ उपयोगकर्ता जानकारी साझा करने की अनुमति देती है जो इन प्लेटफार्मों पर लेनदेन करते हैं। व्हाट्सएप की इस नई गोपनीयता नीति पर गोपनीयता विशेषज्ञों और एंटी–ट्रस्ट निकायों ने भी चिंता जताई है।



विशेषज्ञों ने कहा कि सरकार को इससे जुड़े मुद्दों से बहुत सावधानी से निपटने की आवश्यकता होगी, क्योंकि अमेरिका और यूरोपीय संघ की एजेंसियां अभी तक ड्राफ्ट डेटा संरक्षण बिल के क्लॉज के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो व्यक्तिगत डेटा देश में स्थित सर्वरों में रहता है। चिंताएं इस तथ्य से निकलती हैं कि अब तक फेसबुक, आदि जैसी संस्थाओं ने इस रुख को बनाए रखा कि वे किसी के साथ उपयोगकर्ता डेटा साझा नहीं करते हैं। बिचौलियों की मूल परिभाषा यह है कि उनके पास सामग्री नहीं है और वे केवल ऐसे मंच हैं जहां तृतीय–पक्ष संस्थाएं सामग्री रखती हैं। यह विशेष स्थिति उन्हें दायित्व से रोकती है अगर उनके प्लेटफार्मों पर कुछ भी गैरकानूनी नजर आता है। ऐसे उदाहरणों में, सरकार संबंधित मध्यस्थ को निर्देश देती है कि वह निर्धारित समय के भीतर गैरकानूनी सामग्री को हटाए लेकिन ऐसा बहुत देरी से होता है या पूरी तरह होता ही नहीं है. नए नियमों और शर्तों के तहत, व्हाट्सएप लेनदेन डेटा, मोबाइल डिवाइस की जानकारी, आईपी पते और अन्य डेटा को साझा करेगा कि कैसे उपयोगकर्ता व्हाट्सएप पर व्यवसायों के साथ और फेसबुक समूह की कंपनियों के साथ इंस्टाग्राम सहित साझा करते हैं। लेकिन यह वास्तविक समस्या नहीं है। प्रत्येक इंटरनेट कंपनी अपने उत्पाद को बेहतर बनाने के लिए उपभोक्ता डेटा का उपयोग करती है। व्हाट्सएप के मामले में यह उनका तरीका है। कंपनी की डिक्टेट के अनुसार, यदि उपयोगकर्ता 8 फरवरी, 2021 तक नई गोपनीयता नीति को स्वीकार करने में विफल रहते हैं, तो वे अपना व्हाट्सएप खाता खो देंगे। विशेषज्ञ इसे व्हाट्सएप और फेसबुक के बाजार में प्रभावी स्थिति के दुरुपयोग के रूप में देखते हैं। उनमें से कई ने अपडेट के बारे में अपनी चिंता दर्ज करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर ले गए। महिलाओं के लिए एक सामुदायिक मंच – एक गोपनीयता दुःस्वप्न है, "शेरोएस के संस्थापक और सीईओ सायर चहल ने लिखा है कि नई नीति मुख्य रूप से व्यावसायिक इंटरैक्शन, लेनदेन और अन्य व्यवसाय से संबंधित सुविधाओं को लक्षित करती है, जिनके बारे में कहा जाता है कि व्हाट्सएप और फेसबुक को बेहतर तरीके से तीसरे पक्ष के सेवा प्रदाताओं का समर्थन करने और दूसरों के बीच एनालिटिक्स जैसी उन्नत सुविधाएं प्रदान करने की अनुमति है। जिन प्रमुख अपडेट को लाया जा रहा है, उनमें प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ता के डेटा को संसाधित करने के तरीके में बदलाव है। नई नीति के तहत, व्हाट्सएप पर चौट को प्रबंधित करने के साथ–साथ व्यवसायों को स्टोर करने के लिए फेसबुक द्वारा होस्ट की गई सेवाओं का उपयोग करने का तरीका बदल जाएगा। फेसबुक के उत्पादों और प्लेटफार्मों पर एकीकरण की अनुमति देने के लिए अपने मालिक फेसबुक के साथ व्हाट्सएप भागीदारों के रास्ते में भी एक बदलाव होगा। भारतीय नागरिकों को अब अपने डिजिटल अधिकारों की रक्षा करने की आवश्यकता है, भारत के पास कोई डेटा सुरक्षा कानून नहीं है। हालांकि उपयोगकर्ताओं द्वारा सहमति दी गई थी, यह अभी भी बहस में है कि यह कितना वैध है। दुर्भाग्य से, सरकार को व्हाट्सएप और आधार के मामले में गोपनीयता के उल्लंघन के बारे में अलग–अलग विचारों के तहत विचार करने की उम्मीद है। यह एक नागरिक के निजी रहने के अधिकार को और मजबूत करता है और राज्य के साथ किसी भी निजी पार्टियों के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी या डेटा साझा नहीं करने का चयन करता है। यह गूगल जैसी अन्य इंटरनेट कंपनियों के साथ भी होगा, जो लक्षित विज्ञापनों के लिए उपयोगकर्ता डेटा का उपयोग करने के लिए जाने जाते हैं। । क्या निजता को मौलिक अधिकार के रूप में लागू करने का मतलब गूगल और फेसबुक और अन्य प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ता डेटा एकत्र करना कंपनियों के लिए एक अवरोधक हो सकता है?

# व्हाट्सएप और निजी डाटा सुरक्षा

**पीयूष पांडे**

व्हाट्सएप ने उपयोगकर्ताओं का डाटा साझा करने से संबंधित नीतियों में जो बदलाव किया है, वह चिंताजनक जरूर है क्योंकि इसमें उसके डाटा को दूसरे प्लेटफॉर्म को देने का प्रावधान है. लेकिन यह चिंता उस स्तर की नहीं है, जितना शोर मचाया जा रहा है. व्हाट्सएप ने स्पष्ट किया है कि जो सामान्य यूजर हैं, उनके दोस्तों और परिजनों से होनेवाली चौट को व्यापारिक उद्देश्यों के लिए साझा नहीं किया जायेगा.यहां सवाल व्हाट्सएप का नहीं है, बल्कि यह है कि क्या लोग वास्तव में अपनी निजता को लेकर चिंतित है. सवाल यह है कि क्या आपने किसी एप को डाउनलोड करते समय उसकी निजता नीति को ठीक से पढ़ा है या किसी एप की नीति से चिंतित होकर उसे आपने डिलीट किया है. बीते दशक में कई बार ऐसे मौके आये हैं, जब निजता नीति को लेकर शोर मचा है. साल 2011 में जब फेसबुक ने अपनी नीतियों को बदला था, तब भी सवाल उठाये गये थे. हमें यह समझना होगा कि जब आप किसी एप की सेवा के लिए कोई भुगतान नहीं कर रहे हैं, तो आप स्वयं एक उत्पाद के रूप में इस्तेमाल होते हैं. प्रश्न यह है कि उन कंपनियों की सेवा के एवज में आप उन्हें क्या दे रहे हैं, तो आप अपना डाटा यानी अपनी सूचनाएं दे रहे हैं और उस डाटा का वैश्विक व्यापार है, इसमें कोई संदेह नहीं है. इसी व्यापार के बाजार के आधार पर फेसबुक, गूगल, इंस्टाग्राम जैसी कंपनियों का राजस्व अरबों–खरबों डॉलर में है. फेसबुक के पास ही लगभग 70 बिलियन डॉलर का राजस्व है. जब फेसबुक को व्हाट्सएप से तगड़ी चुनौती मिली थी, तब



फेसबुक ने इसे बहुत महंगे दाम में खरीद लिया था. गूगल भी इसे खरीदने का इच्छुक था. चूंकि सारा खेल अधिक से अधिक डाटा जुटाने का है, इसलिए फेसबुक ने अधिक कीमत दी. डाटा के इस्तेमाल के द्वारा सभी कंपनियां टारगेटेड विज्ञापन देना चाहती हैं. व्यक्ति की जरूरत और दिलचस्पी के हिसाब से उसे विज्ञापन देने की कोशिश होती है, ताकि वह उत्पाद या सेवा खरीदे. यह पूरी दुनिया में हो रहा है.अब निजता को लेकर जो चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, ऐसा इसलिए है कि लोगों को डाटा के दुरुपयोग की आशंका है. कंपनियों के पास यूजर का जो डाटा है, उनका इस्तेमाल कैसे और कहां होगा, इसकी गारंटी कोई नहीं ले सकता है. इंटरनेट की दुनिया बहुत अलग तरह से काम करती है. यदि कंपनियां केवल विज्ञापन या वस्तुओं व सेवाओं की खरीद–बिक्री के लिए डाटा का इस्तेमाल कर रही हैं, उसे तो स्वीकार किया जा सकता है, लेकिन हैकर इस डाटा का इस्तेमाल दूसरे तरीके से कर सकते हैं और करते भी हैं. हमारे देश में ही इंटरनेट धोखाधड़ी, फर्जीवाड़े और डाटा चोरी के मामले बीते कुछ सालों में बड़ी तेजी से बढ़े हैं. डाटा का गलत इस्तेमाल कर राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाया जा सकता है. कुछ समय पहले अमेरिका में प्रिज्म नामक एक कार्यक्रम चलाया जाता था. इसके तहत सोशल मीडिया की एजेंसियों से लोगों का सारा डाटा जुटाया जाता था. फेसबुक, गूगल, ट्विटर आदि की वजह से उस कार्यक्रम के पास सारी सूचनाएं थीं. उस समय विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांज ने एक साक्षात्कार में कहा था कि फेसबुक, याहू, गूगल जैसी तमाम कंपनियां खुफिया एजेंसियों के लिए सबसे बेहतरीन जासूसी मशीन हैं क्योंकि इनसे सारा डाटा बैठे–बिठाये मिल जाता है कि कौन कहां जा रहा है, कौन क्या लिख–पढ़ रहा है, क्या खरीद रहा है आदि. उस विवाद के बाद इन कंपनियों को सफाई देनी पड़ी थी, किंतु यह सच है कि प्रिज्म के जरिये अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के पास सारी जानकारियां हैं. भारत में भी ऐसी स्थिति बन सकती है क्योंकि हमारे देश में साइबर कानून बहुत कमजोर हैं. साल 2001 में जो सूचना तकनीक से संबंधित कानून बने थे, उसमें एक–दो बार ही मामूली संशोधन हुए हैं. ऐसे में निजता और डाटा सुरक्षा को लेकर चुनौतियां बहुत बढ़ गयी हैं. मौजूदा कानूनों में आज और आगे की जरूरतों के मुताबिक समुचित संशोधन करने की बड़ी जरूरत है. हमारे नीति–निर्धारकों और राजनीतिक नेतृत्व में सूचना तकनीक व सुरक्षा से जुड़े सवालों की कोई खास चिंता नहीं है. निजी डाटा सुरक्षा विधेयक लंबे समय से लंबित है और उसे कानूनी रूप देने को लेकर सक्रियता नहीं दिखती है. यदि यह विधेयक पारित हो जाता, तो सोशल मीडिया, मैसेजिंग एप और इंटरनेट सेवाप्रदाताओं पर कुछ कड़े प्रावधान लागू हो जाते तथा निजता को लेकर हमारी आशंकाएं बहुत हद तक कम हो जातीं. वैसी स्थिति में व्हाट्सएप या अन्य एप अपनी नीतियों में मनमाने बदलाव नहीं कर पाते. सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म एक पैकेज की तरह हैं, जिनका सकारात्मक पहलू भी है और नकारात्मक भी. इन मंचों के उचित इस्तेमाल से बड़ी संख्या में लोग एक–दूसरे से जुड़े हैं तथा उनके काम और कारोबार का दायरा बढ़ा है. नुकसान यह है कि अब अफवाहों को पंख लगने में देर नहीं लगती, झूठी व गलत बातों को बिना जांचे–परखे लोग आगे बढ़ा देते हैं. एक दिक्कत तो यह है कि लोग सचेत नहीं हैं और सोशल मीडिया पर कही–लिखी बातों पर आंख मूंद कर भरोसा कर लेते हैं तथा उन बातों को दूसरे लोगों तक पहुंचाने लगते हैं. सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता की जवाबदेही को लेकर बहुत सारे लोग लापरवाह रहते हैं. दूसरी बात यह है कि सूचना तकनीक से संबंधित कानून कमजोर हैं. इसी वजह से अधिकतर मामलों में कार्रवाई नहीं हो पाती. इसका फायदा सोशल मीडिया कंपनियों को भी होता है. तीसरी बात यह है कि इन कानूनों को लागू करनेवाली एजेंसियां और उनके अधिकारी न तो सोशल मीडिया के हिसाब को ठीक से समझते हैं और न ही मौजूदा कानूनी प्रावधानों को. अगर किसी छोटे कस्बे में सूचना तकनीक या डाटा सुरक्षा से जुड़ा कोई मामला सामने आता है, तो वहां की स्थानीय पुलिस के पास आवश्यक प्रशिक्षण और संसाधनों की कमी के कारण उसकी सही जांच हो पाना मुश्किल है. सोशल मीडिया का इस्तेमाल करनेवाले लोगों की बड़ी भारी तादाद के अनुपात में हमारे पास अधिकारी भी नहीं हैं. भारत में फेसबुक के 50 करोड़ से अधिक यूजर हैं. ऐसा ही व्हाट्सएप के साथ है. जीमेल के यूजर तो इससे भी अधिक हो सकते हैं. करीब दो साल पहले दिल्ली में सूचना तकनीक के मामलों के लिए अलग अदालत बनायी गयी थी, लेकिन छह महीने बीत जाने के बाद भी वहां एक भी मामले सुनवाई पूरी नहीं हो सकी थी. ये समस्याएं निजता और डाटा सुरक्षा तथा सोशल मीडिया के दुरुपयोग के मसले को और अधिक जटिल बना देती हैं.



## आलिया भट्ट ने शेयर की फेवरेट इंसान की फोटो, नहीं हैं रणबीर कपूर

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और एक्टर रणबीर कपूर के रिलेशनशिप की चर्चा तबसे है, जबसे फैन्स ने दोनों को फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के सेट पर मस्ती करते स्पॉट किया था। हाल ही में आलिया भट्ट ने फैन्स के साथ सवाल—जवाब राउंड खेला। इंस्टाग्राम पर एक फैन ने उनसे उनके फेवरेट व्यक्ति की फोटो अपलोड करने के लिए कहा। आलिया ने बहन शाहीन भट्ट की फोटो शेयर की। फैन्स कयास लगा रहे थे कि आलिया, ब्वॉयफ्रेंड रणबीर कपूर की फोटो शेयर करेंगी, लेकिन उन्होंने बहन की फोटो साझा की। दरअसल, सोनम कपूर और आनंद अहूजा की शादी के रिसेप्शन पर जब दोनों साथ आए तो खबरें आने लगी थीं कि दोनों एक—दूसरे को डेट कर रहे हैं। बाद में आलिया भट्ट ने कई बार रणबीर कपूर संग स्टेज शेयर किया। साथ ही अपने प्यार का इजाहर एक अवॉर्ड फंक्शन के दौरान किया। दोनों ही अब खुलेआम डेटिंग को लेकर बात करते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रणबीर कपूर ने कहा था कि वह और आलिया जल्द ही शादी करेंगे। कोरोनावायरस के कारण चीजों को थोड़े समय के लिए टाल दिया गया है। निक जोनस ने फिल्म 'द व्हाइट टाइगर' में प्रियंका चोपड़ा के काम को लेकर कही यह बात अली गोनी संग प्यार का एंगल बनाना पड़ा सोनाली फोगाट को भारी, काम्या पंजाबी बोलीं— नॉमिनेटेड है, स्ट्रैटेजी तो बनानी पड़ेगी न आलिया और शाहीन अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी दिलचस्प फोटोज शेयर करते हैं। दोनों बहनों की जोड़ी को शानदार बताया जाता रहा है। यहां तक कि रणबीर कपूर के परिवार संग भी शाहीन भट्ट अच्छा बॉन्ड शेयर करती हैं। खासकर रिद्धिमा कपूर और नीतू कपूर संग।

## करीना कपूर खान ने रखी दोस्तों के लिए धमाकेदार पजामा पार्टी- मलाइका, करिश्मा के साथ किया एन्जॉय



सैफ अली खान की बेगम करीना कपूर अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। प्रेग्नेंसी में करीना कपूर खान आराम नहीं बल्कि लगातार काम व एन्जॉय करती नजर आ रही हैं। वह कभी फैमिली के साथ तो कभी दोस्तों संग पार्टी करती नजर आ रही हैं। आजकल खबरें हैं कि करीना कपूर खान और सैफ अली खान दूसरे बच्चे के जन्म से पहले अपने नए घर में शिफ्ट हो सकते हैं। करीना कपूर खान इन दिनों अपना प्रेग्नेंसी पीरियड इंजॉय कर रही हैं और इस दौरान अपनी पसंद का खाना खाने से लेकर, दोस्तों के साथ घूमने तक, सब कर रही हैं। कुछ दिन पहले करीना अपनी बेस्टफ्रेंड अमृता अरोड़ा के घर चिल करती हुई नजर आईं तो अब करीना की करीबी दोस्तों ने उनके घर पजामा पार्टी की। इस प्राइवेट पार्टी की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें करीना के साथ मलाइका अरोड़ा, अमृता अरोड़ा, मल्लिका भट्ट और करीना की बहन करिश्मा कपूर अपने नाइट—सूट्स में इंजॉय करती हुई नजर आ रही हैं। करीना कपूर ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा, ये नई शुरुआत का, नए सफर की.. यादों का एक पिटारा है. .. इस तस्वीर को शेयर करते हुए करीना ने हैशटैग शेयर किए हैं। करीना कपूर के इस कैप्शन ने काफी मिस्ट्री पैदा कर दी है और लोग ऐंड ऑफ एन ऐरा के कई मतलब निकाल रहे हैं। दरअसल ये कयास लगा रहे हैं कि शायद करीना जल्द ही अपने नए घर में शिफ्ट होने वाली हैं जो फॉर्च्यून अपार्टमेंट में है। खबर है कि करीना अपने दूसरे बच्चे के जन्म से पहले ही इस अपार्टमेंट में शिफ्ट हो जाएंगी। शुक्रवार को ही करीना अमृता अरोड़ा के घर भी एक पार्टी करती हुई नजर आई थीं। हालांकि उस पार्टी में करीना की बहन करिश्मा नहीं नजर आई थीं और उन्हें याद करने का जिक्र करीना ने किया था।

## गिरगिट की तरह रंग बदलती Black Widows की कहानी

अगर आप किसी ऐसे रिश्ते में बंधे हुए है जिससे आप अलग भी नहीं हो सकते और आपका शोषण भी हो रहा है। तब आप क्या करोगे? हालात तो आज भी अच्छे नहीं है लेकिन पहले से बेहतर है। पुराने समय में शादी में बंधने के बाद औरत का खुद की जिंदगी से सारे हक खत्म हो जाते थे।

अगर आप किसी ऐसे रिश्ते में बंधे हुए है जिससे आप अलग भी नहीं हो सकते और आपका शोषण भी हो रहा है। तब आप क्या करोगे? हालात तो आज भी अच्छे नहीं है लेकिन पहले से बेहतर है। पुराने समय में शादी में बंधने के बाद औरत का खुद की जिंदगी से सारे हक खत्म हो जाते थे। औरत को शादी के बाद अपने पति की चिता के साथ ही मर जाता होता था। अब एजुकेशन के साथ—साथ हालात सुधर गये हैं लेकिन आज की दुनिया में भी पढ़े—लिखे महिलाओं को चोंच खाने वाले भेड़िये बहुत है।

कहानी


जी5 पर रिलीज हुई नयी वेब सीरीज ब्लैक विडो की कहानी कुछ ऐसे ही हालात के साथ शुरु होती है जो बाद में जाकर पूरी तरह से बदल जाती है। कहानी तीन सहेलियों की है वीरा (मोना सिंह), कविता (शमिता शेट्टी) और जयति (स्वास्तिका मुखर्जी)। तीनों अपने—अपने पतियों से काफी ज्यादा परेशान है। कविता का पति निलेश अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए पत्नी को अपने पार्टनर्स के सामने मनोरंजन के लिए पेश करता है। वहीं जयति का पति ललित उसे बहुत ही बुरी तरह से मारता है। जयति को किसी भी हाल में छोड़ना नहीं चाहता क्योंकि जयति पर अत्याचार करके उसे खुशी मिलती है। वीरा का पति जतिन काफी गुस्सैल होता है जो तलाक मांगने पर अपनी ही बेटी को मारने की धमकी देता है। ऐसे में अपनी बरसों से छिन चुकी आजादी को पाने के लिए तीनों शादीशुदा महिलाएं अपने पति को मारने की प्लानिंग करती है और एक मोटरबोट ब्लास्ट करवाकर तीनों को मार देती है। तीनों की मौत की जांच करने पुलिस की एंट्री होती है। पुलिस को दो लाशें मिलती है लेकिन तीसरी नहीं मिलती, जिसकी जांच शुरू होती है। पुलिस का जांच में अब तीनों पतियों के काले चिठ्ठे खुलने लगते हैं। पूरी स्टोरी निजी जिंदगी के अत्याचारों से शुरू होकर एक खुंखार अपराध पर आ जाती है। सिलसिले वार मर्डर, पैसों का लेन—देन, सौदेबाजी और ब्लैकमेलिंग फिल्म को दर्शक से बांधने में कामयाब होते हैं।


रिव्यू


वेब सीरीज की लीड कास्ट में मोना सिंह , स्वास्तिका मुखर्जी, शमिता शेट्टी , शरद केलकर, परमब्रत चट्टोपाध्याय और श्रुति व्यास है। फिल्म में अपने अपने किरदार को सभी ने बखुबी निभाया है। कोई भी किरदार अपने रोल में डिस्पॉइंट नहीं करता। वेब सीरीज का निर्देशन बिरसा दासगुप्ता ने किया है, जो काबिले तारीफ है।




## सोशल मीडिया पर कहर ढा रहीं सोनल चौहान की हॉट फोटोज







जन्नत मूवी की एक्ट्रेस सोनल चौहान अपनी हॉट अदाओं के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उनकी बिकिनी फोटोज पर सोशल मीडिया पर मीम्स भी तैरने लगे थे। यही नहीं इन मीम्स को लेकर खुद सोनल चौहान ने टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें इन्हें देखकर बहुत मजा आया है।सोनल चौहान ने कहा कि मैंने कभी सोचा नहीं था कि उनकी बीच की फोटोज मीम्स के लिए मैटीरियल बन जाएंगी। हालांकि मैं शिकायत नहीं कर रही हूं। मुझे बीते कुछ दिनों में इनके चलते मुस्कुराने और हंसने का मौका मिला है।सोनल चौहान अकसर अपनी तस्वीरें और वीडियोज फैन्स के साथ शेयर करती रहती हैं। ट्रैवलिंग की शौकीन सोनल चौहान अकसर बीच की फोटोज इंस्टाग्राम पर डालती रहती हैं।सोनल चौहान अकसर इंस्टाग्राम पर अपने हॉट फोटोज अपलोड करती रहती हैं। हिंदी सिनेमा समेत तेलुगू और अन्य भाषाओं की फिल्मों में एक्टिंग करने वालीं सोनल चौहान को बीते कुछ वक्त में तेजी से लोकप्रियता मिली है।



# नई मांएं ना करें ब्रेस्ट फीडिंग से जुडे इन मिथ पर विश्वास

नवजात शिशु के लिए मां का दूध संपूर्ण आहार माना जाता है। इससे शिशु का बीमारियों से बचाव होने के साथ बेहतर विकास होने में मदद मिलती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार जन्म से करीब 2 साल तक बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग करवानी चाहिए। भले ही शिशु 6 महीने बाद अन्य चीजें खाने लगता है। मगर सेहतमंद रहने के लिए दूध उसे मां का ही पीना चाहिए। मगर बात ब्रेस्ट फीडिंग की करें तो बहुत सी महिलाएं इससे जुड़े मिथ में विश्वास करके शिशु को फार्मुला मिल्क पिलाने लगती है। मगर असल में, ये सही ना होकर बच्चे के विकास में बाधा डालने का काम करते हैं। तो चलिए आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए 4 ऐसे मिथ और उनकी सच्चाई बताते हैं, जिनपर भरोसा ना करने में ही भलाई है।

1. मिथ– मां के दूध से बच्चे का सही से पेट नहीं भरता

कई महिलाओं का मानना है कि ब्रेस्ट फीडिंग से शिशु का पूरी तरह से पेट नहीं भरता है। ऐसे में वे उसे फॉर्मूला मिल्क पिलाने लगती है।

सच्चाई

मगर बात इसके पीछे की सच्चाई की करें तो असल में, मां का दूध हल्का होता है। ऐसे में नवजात उसे जल्दी ही पचा लेता है। इसलिए उसे हर 1 घंटे में भूख लग जाती है। वहीं फॉर्मूला दूध भारी होने से शिशु उसे पचाने में 2–3 घंटे का समय लेता है। ऐसे में उसे जल्दी भूख नहीं लगती है। इसलिए शिशु के सही विकास हो बीमारियों से बचाव के लिए मां का दूध ही पिलाना चाहिए।

2. मिथ– मां को जुकाम होने पर बच्चे को दूध ना पिलाना

अक्सर लोगों को मानना है कि मां को सर्दी, जुकाम होने पर उसे शिशु को दूध नहीं पिलाना चाहिए। नहीं तो इससे बच्चे को भी सर्दी हो सकती है।

सच्चाई

मगर यह बात पूरी तरह से गलत है। असल में, मां के दूध में मौजूद एंटी–बॉडीज बच्चे की इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करती है। इसलिए इससे शिशु का सर्दी में चपेट में आने का कोई खतरा नहीं होता है। साथ ही हम बात कोरोना वायरस की करें तो ॅभ्व के मुताबिक इससे पीड़ित महिलाएं अपने शिशु को बिना डरे ब्रेस्ट फीडिंग दे सकती है। फिर ऐसे में बच्चे को जुकाम, खांसी होने का कोई डर नहीं है। हां, मां का बच्चे को बार–बार छुना, उसे प्यार करने से उसके अंदर के बैक्टीरिया नवजात में जा सकते हैं।

3. मिथ– ब्रेस्ट फीडिंग से फिगर खराब होगा

डिलीवरी से पहले और बाद में महिला के शरीर में बदलाव आना आम बात है। खासतौर पर वजन बढ़ जाने के कारण फिगर का खराब होना। ऐसे में बहुत सी महिलाएं इसके पीछे का कारण ब्रेस्ट फीडिंग समझती है। साथ ही बच्चे को दूध पिलाना बंद करती है।

सच्चाई

मगर ऐसा सोचना पूरी तरह से गलत है। असल में, ब्रेस्ट फीडिंग करवाने से महिलाओं को वजन कम करने व फिगर मेंटेन करने में मदद मिलती है। इसलिए हर मां को अपने नवजात को दूध जरूर पिलाना चाहिए।

4. मिथ– मां के कुछ खट्टा खाने से बच्चा दूध पलटता है

यह बात आपने अक्सर अपने बड़ों से सुनी होगी कि ब्रेस्ट फीडिंग करवाने वाली मां को खट्टा नहीं खाना चाहिए। नहीं तो नवजात के दूध पलटने का खतरा रहता है। असल में, शिशु फटा हुआ दूध निकलता है। इसलिए महिलाएं ऐसा सोचने लगती है।

सच्चाई

असल में, इस धारणा का कोई मतलब नहीं है। दरअसल, दूध ठीक से ना पचने के कारण बच्चा उसे पटल यानी उल्टी कर देता है। ऐसे में दूध चाहे मां का हो या फॉर्मूला मिल्क। ऐसे में इसका मां के खट्टा खाने से कोई संबंध नहीं है।





# भारत में है एशिया का सबसे स्वच्छ गांव, माना जाता है भगवान का अपना बगीचा

भारत भी खूबसूरती के मुकाबले विदेशों से कम नहीं है। ऐसे में ही मेघालय देश में एक ऐसा गांव है जो अपनी खूबसूरती व स्वच्छता से जाना जाता है। इस गांव का नाम श्मॉलिंनॉन्गश है, जो शिलॉन्ग से करीब 90 किलीमीटर दक्षिण की तरफ बना हुआ है। बेहद साफ होने के कारण सन 2003 में इसे एशिया का सबसे स्वच्छ गांव के रूप में नवाजा गया था। साथ ही इसे एशिया का सबसे साफ गांव कहा जाता है। इसकी सुंदरता को देखते हुए कोई भी इसपर जल्दी ही मोहित हो जाएगा। तो चलिए जानते हैं इस गांव के बारे में विस्तार से...

भगवान का बगीचा

इस गांव की खूबसूरती को देखकर इसे श्ळवकश्े व्ूद ळंतकमद यानी भगवान का बगीचाश कहा जाता है। ऐसे में यह गांव अपनी सुंदरता व स्वच्छता से दुनियाभर में फेमस है।

पेड़ों की जड़ों से बने ब्रिज

इस गांव की खासियत है कि यहां पर पेड़ों की जड़ों से ब्रिज बने हुए है। देखने में बेहद ही खूबसूरत होने के कारण किसी का भी मन जल्दी ही खुश हो जाएगा। इसके अलावा यहां पर ट्रेकिंग भी की जा सकती है। ऐसे में ये गांव का आकर्षण का मुख्य केंद्र है।

नहीं होता प्लास्टिक का इस्तेमाल

इस गांव की खूबसूरती का एक अहम कारण इनकी स्वच्छता है। यहां पर प्लास्टिक का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं होता है। यहां तक कि डस्टबीन भी बांस से तैयार किए गए है। इसके अलावा लोग बाजार जाने के लिए प्लास्टिक के बैग की जगह कपड़ों से बनी थैलों का इस्तेमाल करते हैं। बड़ों से लेकर बच्चे भी अपने गांव की साफ–सफाई का खास ख्याल रखते हैं। साथ ही लोग कचरे को फैलाने की जगह इसे पेड़ों की खाद बनाने के लिए गड्ढे में रखते हैं।

साक्षरता दर 100प्रतिशत

कहने को गांव होने पर भी यह शहर से कम नहीं हैं। इस गांव में शायद ही किसी को कोई अनपढ़ आदमी मिलेगा। ऐसे में यहां के सभी लोग पढ़े–लिखे हैं। इसके अलावा इस गांव की एक और खासियत है कि यहां पर महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश की जाती है। ऐसे में घर की सबसे छोटी बेटी को पेरेंट्स की संपत्ति मिलती है। हम यूं कह सकते हैं कि लड़कियों को वारिस माना जाता है। साथ ही बच्चे को उसकी मां का नाम मिलता है। ऐसे में वे अपनी मां का सरनेम लगा सकते हैं।

घूमने की अन्य जगह

यह गांव बेहद खूबसूरत झरनों, पेड़ों, चारों तरफ हरियाली व रंग–बिरंगे फूलों से घिरा हुआ है। ऐसे में एक बार यहां पर आकर हर कोई इनकी खूबसूरती में खो जाता है। यहां पर सुंदर प्राकृतिक नजारों को पेश करता लिविंग रूट ब्रिज है। माना जाता है कि यह ब्रिज करीब 1000 साल पुराना है। इसके अलावा डॉकी नदी भी बेहद फेमस है। बात इस गांव में घूमने की करें तो यहां जाने के लिए अक्तूबर से अप्रैल तक का समय बेस्ट रहेगा।

# 4 आसान स्टेप में पाएं `कोरियन गर्ल' जैसी ग्लास स्किन



कोरियन महिलाएं अपनी खूबसूरती को लेकर काफी सजग रहती हैं। शायद इसलिए दुनियाभर में उनकी बेदाग, निखरी व ग्लास ग्लोइंग स्किन के चर्चे होते हैं। हेल्दी और चमकती त्वचा के लिए वह अपनी स्किन का खास ख्याल रखती हैं। हम आज आपको सिर्फ 4 स्टेप बताएंगे, जिनसे आप उनकी तरह ग्लॉस की तरह दमकती स्किन पा सकती हैं।

स्टेप 1– फेस क्लीनिंग

सबसे पहले कॉटन में नारियल या जैतून का तेल डुबोकर चेहरे को अच्छी तरह साफ कर लें। इससे चेहरे पर जमा ध् ूल–मिट्टी अच्छी तरह साफ हो जाएगी।

स्टेप 2 – होममेड स्क्रब

बाउल में 1 चम्मच चावल का आटा, 1 चम्मच गुलाब जल और 1 चम्मच एलोवेरा जैल मिक्स करें। अगर आपके पास गुलाबजल नहीं है तो आप लौंग का तेल भी ले सकते हैं। अब इससे चेहरे पर 10–15 मिनट स्क्रबिंग करें और फिर ताजे पानी से साफ कर लें। इससे चेहरे की डैड स्किन निकल जाएगी और पोर्स भी अच्छी तरह साफ हो जाएंगे।

स्टेप 3 – नैचुरल टोनर

1 चम्मच टमाटर का जूस और 1 चम्मच शहद अच्छी तरह मिक्स करें। अब इससे चेहरे पर 5 मिनट मसाज करें और फिर 15–20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर पानी से मसाज करते हुए इसे साफ कर लें। यह त्वचा के लिए टोनर का काम करेगा।

स्टेप 4 – माइश्चराइजर

1 कैप्सूल विटामिन ई जैल में 1 चम्मच एलोवेरा जैल मिक्स करें। अब इससे चेहरे पर हल्के–हल्के हाथों से 5–6 मिनट तक तरह मसाज करें और फिर इसे कम से कम 2–3 घंटे के लिए छोड़ दें। यह चेहरे पर नमी बनाए रखेगा और इससे स्किन ग्लो भी करेगा।

कितनी बार करें इस्तेमाल?

आप हफ्ते में कम से कम 2 बार ऐसा करें। इससे चेहरा ग्लो करेगा और आपकी पिंपल्स, झुर्रियां, डार्क सर्कल्स और झाइयां जैसी समस्याएं भी दूर रहेंगी। खास बात यह है कि इसके लिए इस्तेमाल होने वाली सभी चीजें नैचुरल है इसलिए इससे आपकी स्किन को कोई साइड–इफैक्ट भी नहीं होगा।





# भारतीय दुल्हनें क्यों पहनती हैं चूड़ा और कलीरें?

लाल शादी का जोड़ा, चूड़ा और कलीरें भारतीय दुल्हन की खास पहचान होती है। बात अगर कलीरों की करें तो मार्केट में फ्लोरल, गोट्टा, सलोगन, पॉम–पॉम, पीकॉक, डोली, मोटिफ, फोटो फ्रेंम कलीरों कई वैरायटीज देखने को मिल जाती है। दुल्हनें अपनी लहंगे के साथ मैचिंग व पसंद के हिसाब से कलीरें चुनती हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि कलीरें क्यों पहने जाते हैं और इसका महत्व क्या है। चलिए आप हम आपको बताते हैं कि दुल्हनें क्यों पहनती हैं कलीरें...

दुल्हन की सहेलियां पहनाती हैं कलीरें

चूड़ा पहनने की रस्म के बाद दुल्हन को कलीरें पहनाएं जाते हैं, जो खासतौर पर उसकी सहेलियां , बहनें या अविवाहित लड़कियां लाती हैं। शादी के बाद दुल्हनें सहेलियों के सिर पर कलीरें झटकती है। मान्यता है कि जिस लड़की के सिर पर कलीरें गिरेंगे उसकी शादी जल्दी हो जाएगी। हालांकि पहले सिर्फ पंजाबी दुल्हनें ही चूड़ा व कलीरें पहनती थी लेकिन आजकल यह हर दुल्हन की पसंद बन चुके हैं।

दुल्हन क्यों पहनती हैं हाथों में चूड़ा?

चूड़ा लड़की के शादीशुदा होने का ही नहीं बल्कि प्रजनन और समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। इसके अलाव दुल्हन को चूड़ा पति की भलाई के लिए भी पहनाया जाता है। खास बात ये है कि दुल्हन को चूड़ा तब तक नहीं दिखाया जाता जब तक वह इसे पहनकर मंडप में ना बैठ जाए। वैसे तो दुल्हन का मामा ही उसके लिए चूड़ा खरीदकर लाता है लेकिन आजकल की लड़कियां अपनी पसंद से देख–परख कर ही चूड़ा खरीदती हैं।

कितने समय तक पहना जाता है चूड़ा?

रिवाज के हिसाब से दुल्हन करीब 1 साल तक चूड़ा पहनती है लेकिन समय के साथ वर्किंग दुल्हन 40 दिन, 6 महीने चूड़ा वियर करती हैं। वहीं, चूड़ा पहनने की कई शौकीन लड़कियां 6 महीने बाद इसे बदल भी लेती हैं।


ऐसे पहनाया जाता है दुल्हन को चूड़ा?

चूड़ा पहनने की वजह ही नहीं बल्कि इसकी रस्म भी बहुत दिलचस्प होती है। दुल्हन को चूड़ा पहनने से एक रात पहले उसे दूध में भिगोया जाता है। हालांकि कई बाद चूड़ा पहनने से कुछ समय पहले भी ऐसा किया जाता है। इसके बाद मामा लड़की के हाथों में चूड़ा पहनाता है और लड़की की मां दुल्हन की आंखें बंद कर देती है, ताकि वो उसे देख ना पाएं। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि चूड़े को खुद की ही नजर ना लग जाए।

चूड़ा उतारने की रस्म भी होती है खास

चूड़ा उतारने की रस्म भी काफी मजेदार होती है। कई लोग तो इसके लिए भी घर में छोटा–सा फंक्शन रखते हैं और दुल्हन को शुगन व मिठाई दी जाती है। पहले के समय में चूड़ा उतारने की रस्म नदी किनारे की जाती थी। तब चूड़ा उतारकर दुल्हन को कांच की चूड़ियां पहनाई जाती थी और चूड़े को पानी में बहा दिया जाया था। मगर, समय के साथ रस्म बदलती गई और अब लोग अपनी सुविधा अनुसार की रस्म करते हैं।

दुल्हन के हाथों में चूड़ा और कलीरे पहनने की रस्म जितनी खूबसूरत होती है, उतने ही सुदंर होते हैं इनके डिजाइन्स। शादी में चूड़ा व कलीरे पहनने का क्रेज इस कदर बढ़ गया है कि मार्केट में इसकी ढेरों वैराइटीज देखने को मिलती है।



# रविंद्र बने कांग्रेस पिछड़ा वर्ग महासचिव

## अनेकों जगहों में माल्यार्पण कर किया गया स्वागत

अमिट रेखा – उमर फारूक उर्फ छोटे अंसारी

गोबर ही – कुशीनगर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कसया के रविंद्र विश्वकर्मा राधे को पिछड़ा वर्ग का प्रदेश महा सचिव मनोनीत किया है। प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज यादव ने प्रदेश अध्यक्ष विधायक अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर राध ो को यह दायित्व सौप कर उनसे संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की अपेक्षा की है। राधे छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय हैं। उनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह, कांग्रेस पिछड़ा के प्रदेश महासचिव नंदलाल चौहान, जिला उपाध्यक्ष पंचानंद मिश्रा , राधाकृष्ण नगर व्यवसायी पप्पू मद्धेशिया ,जितेन्द्र विश्वकर्मा ,डॉ अनिल सोनी , ऋषिराज पाण्डेय, रत्नेश श्रीवास्तव, वारिस अली , प्रभात शर्मा, अजित रावत , अंकित , सिद्धार्थ पंकज, संतोष भारती, रामलखन , मिश्र, वजिद अली, जिला उपाध्यक्ष विजय लक्ष्मी शर्मा, अमित मिश्रा, जनार्दन







यादव, प्रभात शर्मा, अमित सोनी, सुनील शर्मा, जितेंद्र पटेल, जगदम्बा सिंह, अरुण चौबे, अंशुमणि त्रिपाठी, ओमप्रकाश तिवारी, शिवकुमारी देवी, संतोष श्रीवास्तव, नवीज आलम, अमरेंद्र प्रताप मल्ल, राज कपूर राय, नरेन्द्र यादव, विनोद यादव, अनिल सिंह पटेल, मनोज सिंह, सीमा शर्मा, व्यास ओझा आदि ने बधाई दी है।

## फर्नीचर के दुकान पर लगा भीषण आग

अमित रेखा ब्यूरो मोहम्मद हसन

अयोध्या। ग्राम सभा मिल्कीपुर क्षेत्र के मिर्जापुर खजूरी गांव में अचानक रात्रि 2रू00 बजे फर्नीचर की दुकान पर आग लग गया आगे इतना भयानक था की आग की चपेट में फर्नीचर की दुकान पर रखे हुए मशीन जलकर राख हो गए पीड़ित मोहम्मद यासीन खान पुत्र मोहम्मद याकूब खान से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया की रात में जब वह सो रहे थे तकरीबन 2:00 बजे गांव मैं जोर से चिल्लाने की आवाज सुनाई दी आवाज सुनकर जब उठे तो देखें कि उनकी दुकान पर आग लग गई है ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।



फर्नीचर की दुकान के बगल में ही उनका निवास है और उसी फर्नीचर की दुकान के बगल जानवर(बकरी बकरा) बांधे हुए थे वह भी बुरी तरीके से झुलस गए हैं प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई सहयोग नहीं मिल पाया है।

## नाबालिग लड़की को बरामद कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमिट रेखा अनिल कुमार गुप्ता–

ब्युरो– बलरामपुर। प्रदेश में महिलाओं के सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में बृहस्पतिवार को कोतवाली देहात पुलिस टीम उप निरीक्षक शंभू सिंह, आरक्षी संजय गौड़, महिला आरक्षी अंजली यादव द्वारा ग्राम गनवरिया थाना कोतवाली देहात से एक नाबालिक लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के प्रकरण में मुखबिर की सूचना पर नाबालिग लड़की को बरामद कर अभियुक्त भोलेनाथ




मौर्य को समय 9:15 AM पर द ुसाह कचहरी के पास से गिरफ्तार कर जेल रवाना किया गया। प्रकरण के संबंध में थाना कोतवाली देहात में मु0अ0सं0 241/20 ध ारा 363IPC, 3(2)5a SC/ST Act- का अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना क्षेत्राध िकारी नगर श्री वरुण मिश्र द्वारा की जा रही थी।

## पहले मांगी लिफ्ट फिर लूट ले गया बाइक

मेहरौना लार अमिट रेखा–

भाटपार रानी – देवरिया। थाना क्षेत्र के चनुकी फुलवरिया मार्ग पर बन रहे पेट्रोल पंप के निकट सोहागरा मोड के पास कुकुर घाटी से लार के जमसडा गांव जा रहे एक युवक का मोटरसाइकिल एक लिफ्ट लेने वाला युवक फोटोकॉपी का बहाना कर गाड़ी लेकर फरार हो गया बताया जा रहा है कि गाड़ी हाल ही में खरीदी गई थी और अभी नंबर भी उस पर अंकित नहीं हुआ था इस बाबत थाना अध यक्ष भाटपार रानी ने बताया कि युवक गाड़ी में चाबी लगाकर छोड़ दिया था और लघु शंका कर रहा था इसी दौरान कोई युवक गाड़ी लेकर चंपत हो गया अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।




## राहगीरों, अर्द्धविक्षिप्त जनों सहित वास्तविक जरूरतमंदों को ठंड से राहत हेतु बांट रहे कंबल

अमिट रेखा – उमर फारूक उर्फ छोटे अंसारी

गोबरही – कुशीनगर। रात में सड़कों, फुटपाथ, अस्पताल, चौराहों, रैन–बसेरों सहित अन्य स्थानों पर ठंड से ठिठुरते







राहगीरों, अर्द्धविक्षिप्त जनों सहित अन्य वास्तविक जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने हेतु रोटरी क्लब कुशीनगर के द्वारा लगातार कंबल वितरित करने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। क्लब के सचिव वाहिद अली ने बताया कि रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा देर रात सड़कों, फुटपाथ, अस्पताल, चौराहों, रैन–बसेरों सहित अन्य स्थानों पर ठंड से ठिठुरते राहगीरों, अर्द्धविक्षिप्त जनों तथा अन्य वास्तविक जरूरतमंदों की खोज कर उन्हें कंबल दिया जाता है। ताकि इस भयंकर ठंड में वे अपना बचाव कर सकें। क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ० एम० एच ० खान, उपाध्यक्ष सदरे आलम एवं कोषाध्यक्ष गौरव मद्धेशिया ने लोगों से अपील की कि अगर कोई भी जरूरतमंद रात में ठंड से ठिठुरते मिले तो उसकी मदद करें या क्लब के पदाधिकारियों को सूचित करें जिससे उसको ठंड से राहत पहुंचाया जा सके।

## मकर संक्रांति पर बुजुर्गों के स्वास्थ्य की हुई निशुल्क जांच

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। आधारशिला वृद्धा आश्रम गनेश पूर में स्टार हॉस्पिटल द्वारा कैम्प लगाकर बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गई। डाक्टरों ने ब्लड प्रेसर, सुगर आदि की जांच किया। साथ ही चिकित्सकों ने कहा की इस भीषण ठंड में अपने आपको बचा कर रक्खे। परेशानी होने पर चिकित्सक से परामर्श लेवें। डॉक्टर इश्तियाक अहमद ने कहा बुजुर्गों की सेवा पुनीत कार्य है। स्टार हॉस्पिटल द्वारा लगातार कैंप लगाकर बुजुर्गों की स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। इस दौरान डॉक्टर जीशान अहमद एवं डॉ राहुल चतुर्वेदी तथा उनकी टीम द्वारा सभी वृद्धाश्रम वासियों का निशुल्क इलाज किया गया। जिसमें प्रबंध ाक प्रदीप कटियार, संतोष सिंह, इबरार अहमद, दयानंद मिश्रा एवं अमरजीत यादव आदि का विशेष सहयोग रहा। आधारशिला परिवार सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता है।




## मकर संक्रांति पर संगम तट पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब

'अमिट रेखा ब्यूरो मोहम्मद हसन

अयोध्या। पूरे देश में आज मकर संक्रांति का पावन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है,तो वहीं यूपी के तीर्थराज प्रयागराज में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर संगम में आस्था का जन सैलाब उमड़ा हुआ है।गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी पर अलग ही छटा इस मौके पर दिखाई दे रही है। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का यहां आना शुरू हो गया था। भारी संख्या में साध ु संत और श्रद्धालु त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। घाटों पर अद्भुत नजारा दिखाई दे रहा है। जहां लोग पूजा अर्चना कर रहे हैं और खिचड़ी, गुड़ और तिल का दान भी कर रहे हैं। मान्यता है कि मकर संक्रांति के पावन पर्व पर खिचड़ी और गुड़ तिल दान करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।संगम तट पर कल्पवास करने और संगम में स्नान कर दान पुण्य करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर संगम में स्नान और दान का विशेष महत्व है,क्योंकि आज के दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है और सूर्य के उत्तरायण होने पर मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाता हैं।



## प्रधान प्रतिनिधि बबलू सिंह ने किया खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम साथ ही जरूरत मंदो में वितरित किया कम्बल



'अमिट रेखा मुनीर आलम राजन

बृजमनगंज महराजगंज। ग्राम सभा मटिहनवा के प्रधान प्रतिनिध ि बबलू सिंह और प्रधान किरन सिंह द्वारा मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया जिसमें उनके द्वारा जरूरत मंदो में कम्बल वितरण भी किया गया। प्रधान प्रतिनिधि बबलू सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति हिन्दू धर्म मे एक शुभ दिन माना जाता है और हर घर पे खिचड़ी बनाया खाया जाता है।जिसको देखते हुए मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया है।ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बबलू सिंह और किरन सिंह द्वारा गरीब जरूरत मंद लोगों में कम्बल वितरण भी किया गया।इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेन्द्र यादव,मण्डल अध्यक्ष भाजपा चन्दू सिंह,दिलीप गुप्ता,डॉ बृजेश कुमार नायक,बृजेश यादव,रोहित कुमार,अमर सिंह,जुगेश कुमार,जय प्रकाश गौड़,श्रीराम गुप्ता, गुलाबचन्द, उदयराज यादव,विजय नारायण गुप्ता,नरसिंह यादव,महेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गोरखपुर जनपद मे फिर भाई ने की भाई की गैर इरादतन हत्या

- भाईयो ने भाई की गैर इरादतन हत्या
- बीते देर रात्व हुई घायल देबीलाल की मौत
- खजनी थाना के महुआडाबर चौकी क्षेत्र तालनवर टोला राम नगर में हुई देवी लाल की पिटाई से हुई मौत



अमिट रेखा शक्ति ओम सिंहद्द

खजनी गोरखपुर। गोरखपुर जनपद के खजनी थाना क्षेत्र ग्राम सभा तालनवर टोल रामनगर में भाइयो मार से देवीलाल अपनी जान गंवा दिया । 11 जनवरी को हुए भाइयो के विवाद में देवी लाल को अंदरूनी गहरी चोट से घायल हो गया था । जिससे बीती रात दर्द से दम तोड़ दिया । मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया ।सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष मृत्युंजय रॉय मय फोर्स के साथ पहुंचे लास को सील कर पोस्टमार्टम को भेज दिए , मामले में सम्लित कुछ लोगों को भी उठा लिया । 'बताते चले'– खजनी थाना क्षेत्र तालनवर निवासी सोमई निषाद के चार पुत्र है । बिगत 11जनवरी को रामश्री बसन्त परिवार के साथ देवी लाल से विवाद कर मार दिए । जिसमे देवीलाल को अंदरूनी चोट आ गयी । देवी लाल दर्द से कराह रहा था । जब दर्द कम नही हुआ तो नशा भी करने लगा । माली हालत खराब होने के वजह से उसने इलाज नही कराई । नतीजा बीती देर रात दम तोड़ दिया ।

मृतक के परिवार चिघ्घार मच गया । मौके पर थनाध्यक्ष मृत्युंजय राय ,शतिश मिश्रा, उनवल चौकी इंचार्ज सहित फोर्स के साथ पहुंचे । लास को सील कर पोस्ट मार्टम को भेज दिया । मृतक देवी लाल के पिता सोमई ने बताया हमारे चारों पुत्र नशे के आदि है । आये दिनों विवाद करते है । 11 जनवरी को जम कर मार पीट कर दिए थे । जिसमें देवीलाल घायल हो गया ।था । उसी दर्द से बीती रात दम तोड़ दिया । माली हालत खराब होने से इलाज नही करवा पाए।

## शहीद चन्द्र भान चौरसिया के पुण्यतिथि बारवां राजा पाकड़ में श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

अमिट रेखा– हरेन्द्र पाल

गुरवलिया बाजार– कुशीनगर। जनपद के बार वां राजा पाकड़ में गेंदा खेली के मैदान में शहीद चंन्द्र भान चौरसिया के पुण्यतिथि पर




श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया मिली जानकारी के मुताबिक शहीद चन्द्र भान चौरसिया के गाँव दुमही में समाधि स्थल पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और फाजिलनगर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी मुहम्मद इलियास अंसारी ने पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दी और सैकड़ों नौजवान साथियों और तुर्क पटी थाना अध्यक्ष के साथ मसाल जुलुस निकाला और बारवां राजा पाकड़ गेंदा खेली मैदान में पहुँच कर श्रद्ध ांजलि सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर सपा नेता शहनवाज हुसैन, कौमी एकता गर्ल्स इंटर कॉलेज गुरवलिया के प्रधनाचार्य मुहम्मद नियामत अली, गुड्डू राय, और क्षेत्र सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## रायबरेली फोरलेन मार्ग पर इनायतनगर बाजार में रोड का चौडीकरण न करके फ्लाईओवर बनाने की मांग



'अमिट रेखा ब्यूरो मोहम्मद हसन

अयोध्या। रायबरेली फोरलेन मार्ग पर इनायतनगर बाजार में रोड का चौड़ीकरण न करके फ्लाईओवर बनाने की मांग को लेकर आम जनता व अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाध िकारी मिल्कीपुर को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि इनायत नगर तहसील मुख्यालय होने के कारण वर्तमान समय में इनायत नगर में पांच राष्ट्रीय कृत बैंक, सबस्टेशन बिजली, बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय ,ओम सत्यनाम कोटवा धाम, राम नरेश रामरति शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय, चार चकबंदी कार्यालय विकासखंड मिल्कीपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप निबंधक कार्यालय, मिल्कीपुर थाना, कोतवाली इनायतनगर सहित 84 कोसी परिक्रमा मार्ग बाजार के मध य से होकर जाता है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि उक्त कार्यालयों और चौरासी परिक्रमा मार्ग को देखते हुए यहां पर फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाए। ज्ञापन देने के अवसर पर क्षेत्रीय जनता और अध िवक्ता संघ के मंत्री बृजेश कुमार मिश्र, अमरजीत सिंह एडवोकेट, दयानंद पांडे, बृजेश पांडे, लालू तिवारी, दिनेश कांत यादव, प्रवेश शुक्ला, अमित कुमार, मिशकालिका तिवारी शिवराज तिवारी, अशोक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमिट प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय

सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो०– 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक– निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।